# <u>सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में स्मार्ट इंडिया हेकेथोन हेतु आंतरिक मूल्याकंन</u>

पंतनगर। 28 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के अन्तर्गत गठित ई–सेल जो छात्रों में नवाचार एवं उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने और उन्हें नए अवसर प्रदान करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है तथा ई–सेल वर्ष भर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस कार्य को और आगे बढाने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट इण्डिया हेकेथोन प्रतियोगिता हेतु आंतरिक मूल्याकन किया गया, जिसमें 46 टीमों ने प्रतिभाग किया तथा सात जजो द्वारा आंतरिक मूल्याकन किया गया। आन्तरिक मूल्यांकन के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचना महाविद्यालय स्तर पर संबन्धित अधिष्ठाओं को प्रेषित की गई। अग्रिम कार्यवाही सम्बन्धित महाविद्यालय स्तर पर निर्धारित फैकल्टी (एसपीओसी) द्वारा विद्यार्थियों का अगले चरण हेतु एसआईएच पोटल पर नेशनल लेवल प्रतियोगिता के लिये ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों मे नवाचार को बढ़ावा देना तथा अन्य विद्यार्थियों को नवाचार हेतु प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के अध्यक्ष/निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श डा. एम.एस. नेगी एवं सह–निदेशक गीता पाठक तथा ई–सेल की कार्यकारिणी एवं ई–सेल के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

